ED-501

M.A. 3rd Semester
Examination, March-April 2021

HINDI

Paper - I

साहित्य के सिद्धान्त तथा आलोचनाशास्त्र

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 80

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

1. भारतीय काव्यशास्त्रियों के अनुसार काव्य के लक्षणों पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

भारतीय काव्यशास्त्र के आधार पर रस निष्पत्ति की प्रक्रिया का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

2. कुन्तक के 'वक्रोक्ति' के लक्षण एवं स्वरूप पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

औचित्य सिद्धान्त का परिचय देते हुए इसके महत्व पर विचार कीजिए।

3. अरस्तू के अनुकरण सिद्धान्त की विवेचना कीजिए। 15

अथवा

प्लेटो और अरस्तू के काव्य संबंधी मान्यताओं की तुलनात्मक समीक्षा कीजिए।

4. कॉलरिज के कल्पना सिद्धान्त का परिचय देते हुए कल्पना और रम्य कल्पना में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 15

अथवा

''काव्य-सौन्दर्य और काव्य-सत्य के निर्धारित नियमों की सीमा में साहित्य जीवन की आलोचना है।'' इस कथन के परिप्रेक्ष्य में मैथ्यू आर्नल्ड के सिद्धान्त की समीक्षा कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 10

(क) साधारणीकरण

(ख) रीति सम्प्रदाय

(ग) अभिनवगुप्त

(घ) प्लेटो के आदर्श राज्य में कवि

(ङ) काव्य हेतु

(च) कॉलरिज के अनुसार 'प्रतिभा' और 'प्रज्ञा' में अन्तर

(छ) इलियट की काव्य सम्बन्धी मान्यताएँ

6. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर दीजिए : 10

(क) अलंकार सिद्धान्त के प्रवर्तक आचार्य का नाम लिखिए।

(ख) आनन्दवर्द्धन ने किस सिद्धान्त की स्थापना की ?

(ग) विभाव के दो प्रमुख भेद का नाम लिखिए।

(घ) 'वक्रोक्तिजीवितम' किस आचार्य का ग्रंथ है ?।

(ङ) 'अफलातून' किसे कहा जाता है ?

(च) मैथ्यू आर्नल्ड का सम्बन्ध किस विश्वविद्यालाय से था ?

(छ) 'ट्रैडिशन एण्ड इंडिविजुअल टैलेंट' नामक लेख किस लेखक का है ?

(ज) अरस्तू के गुरु का नाम लिखिए।

(झ) 'लिरिकल बैलेड्स' किसकी रचना है ?

(ञ) 'काव्यादर्श' किस आचार्य का ग्रंथ है ?

(ट) 'रसगंगाधर' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ठ) होमर का सम्बन्ध किस देश से है ?